बिहार लोक सेवा आयोग
15, जवाहरलाल नेहरू मार्ग (बेली रोड), पटना – 800001

शिक्षा विभाग, बिहार के अधीन बी॰एन॰ मंडल विश्वविद्यालय, मधेपुरा में सहायक प्राचार्य, संगीत के पदों पर नियुक्ति हेतु आयोग द्वारा प्रकाशित वि.सं॰ 07/2018 का परीक्षाफल

वि.सं॰ – 07/2018 के अन्तर्गत शिक्षा विभाग, बिहार के अधीन बी॰एन॰ मंडल विश्वविद्यालय, मधेपुरा में सहायक प्राचार्य, संगीत के कुल 02 पदों पर नियुक्ति के लिए कुल 10 उम्मीदवार साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किये गये थे। उक्त उम्मीदवारों के लिए दिनांक 18.02.2020 को आयोजित साक्षात्कार में कुल 08 उम्मीदवार सम्मिलित हुए एवं 02 उम्मीदवार अनुपस्थित रहे।

साक्षात्कार में शामिल एक उम्मीदवार, पंजीयन संख्या – 201807000242 को नेट की डिग्री Percussion Instrument विषय (कोड – 98) में प्राप्त है जबकि इस विज्ञापन हेतु Music विषय (कोड – 16) में नेट होना आवश्यक है। फलस्वरूप आयोग द्वारा इनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी गई है।

एक अन्य उम्मीदवार, पंजीयन संख्या – 201807000284 के उम्मीदवार द्वारा ऑनलाईन आवेदन में अत्यंत पिछड़ा वर्ग (04) कोटि का दावा किया गया था जिसके आधार पर उन्हें साक्षात्कार में आमंत्रित किये जाने हेतु अत्यंत पिछड़ा वर्ग (04) कोटि के उम्मीदवारों की सूची में शामिल किया गया था। जाँचोपरान्त पाया गया है कि मूलतः वे पिछड़ा वर्ग (05) कोटि की उम्मीदवार हैं एवं उन्हें साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किये जाने हेतु अनारक्षित (01) कोटि के कट–ऑफ अंक से कम अंक प्राप्त है। साथ ही उक्त उम्मीदवार के नेट उत्तीर्णता एवं स्नातकोत्तर की डिग्री प्राप्ति के बीच 2 वर्ष से अधिक का अन्तराल है, जबकि UGC द्वारा जारी दिशा–निर्देश के अनुसार नेट की उत्तीर्णता के 02 वर्ष के अन्दर स्नातकोत्तर उत्तीर्ण होना आवश्यक है। फलस्वरूप आयोग द्वारा इनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी गई है।

साक्षात्कार में सम्मिलित शेष 06 उम्मीदवारों की, उनके एकेडमिक अंक तथा साक्षात्कार में प्राप्त अंकों के योग के अनुसार संयुक्त क्रमिक मेधा सूची तैयार की गयी। उक्त संयुक्त मेधा सूची के आधार पर आरक्षण कोटिवार रिक्त पदों की उपलब्धता के अनुसार निम्नांकित 02 उम्मीदवारों को बी॰एन॰ मंडल विश्वविद्यालय, मधेपुरा में संगीत विषय के सहायक प्राचार्य के पदों पर नियुक्ति हेतु सफल घोषित किया जाता है:–

Sl.No.	Regn. No.	Name	Merit Serial	Allotted Reservation Roster Vacancy
B.N. Mandal University, Madhepura :				
1.	201807000111	ARATI	1	01
2.	201807000118	PANKAJ KUMAR SHARMA	3	04

उम्मीदवारों की आरक्षण कोटि इस प्रकार दर्शायी गयी है:–
सामान्य (अनारक्षित) – 01, अत्यंत पिछड़ा वर्ग – 04

28.2.20

संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना

तिथिः 28 फरवरी, 2020